# OUTREACH ACTIVITIES 2024-25

# INDEX


| S.No | DATE | ACTIVITY |
|---|---|---|
| 1. | 28-08-2024 | Awareness rally on 'Drive against Drug addiction and Drug abuse'. |
| 2. | 09-09-2024 | World Suicide Prevention day |
| 3. | 28-09-2024 | " Be the change, vote for change". |
| 4. | 28-10-2024 | Clean and green Diwali |
| 5. | 27-11-2024 | Awareness Campaign regarding Dengue. |
| 6. | 10-01-2025 | Awareness rally on 'Soil and water Conservation' |
| 7. | 22-02-2025 | Health Check up camp. |
| 8. | 23-02-2025 | Eye and health check-up camp. |
| 9. | 08-03-2025 | Slogan writing and poster making competition. |
| 10. | 23-03-2025 | Blood Donation Camp. |
| 11. | 25-04-2025 | Awareness regarding Protection from Heat wave. |







## नया सवेरा स्कीम के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली



सोनीपत| जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम ने नया सवेरा स्कीम के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली। जिसमें एनसीसी और वाईआरसी इकाइयों के साथ यूथ अगेंस्ट ड्रग क्लब सेल ने सहयोग दिया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने कहा कि नशे को खत्म करने के लिए एकजुट प्रयासों की आवश्यकता है। प्राचार्या ने नशे के खिलाफ निकाली इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर प्राध्यापिका मीतू मनोचा, एनसीसी प्रभारी ले. प्रियंका, वाईआरसी संयोजक डॉ. पूजा गुलाटी, यूथ अगेंस्ट ड्रग क्लब सेल की संयोजक प्राध्यापिका डॉ. मीनाक्षी मौजूद थीं।

## नशे के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली




मुरथल रोड पर जागरूकता रैली निकालतीजीवीएमकालेजकी छात्राएं • सौ.कालेज

वि, सोनीपत : नशीली दवाओं के दुरुपयोग व नशे की लत के विरोध में जीवीएम गर्ल्स कालेज की यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम ने शहर में जागरूकता रैली निकाली। संस्था के प्रधान डा. ओपी परुथी व प्राचार्य डा. मंजुला स्पाह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को कालेज से रवाना किया। रैली में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जागरूकता रैली कालेज से शुरू हुई और विभिन्न मार्गों से गुजरी। छात्राओं ने लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने का प्रयास किया गया। प्राचार्य डा. मंजुला स्पाह ने कहा कि नशा एक सामाजिक बीमारी है, जिसको जड़ से मिटाना जरूरी है। नशे की लत युवाओं का भविष्य बर्बाद कर देती है। नशे की जकड़ में आने वाले युवा किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो पाते। नशा युवाओं को खत्म कर देता है। इसलिए युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाते हुए जागरूक करना चाहिए।

# AWARENESS RALLY ON 'DRIVE AGAINST DRUG ADDICTION AND DRUG ABUSE'

## DATE - 28th. Aug. 2024

## NO. OF STUDENTS - 40



The University Outreach team of GVM Girls College Sonipat took an Awareness Rally in Lehrara village regarding '<u>Drive against Drug Addiction and Drug Abuse</u>'. The Rally was taken out under the leadership of Ms. Meetu Manocha, incharge of UOP team of GVM in collaboration with NCC, YRC and Youth against drug club cell. The girl students advised the villagers not to use drugs.

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के साथ मनाया आत्महत्या निषेध दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत



सोनीपत। प्रतिभागी छात्राओं के साथ वक्तागण एवं प्राध्यापिकाएं।

जीवीएम गर्ल्स कालेज में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के साथ विश्व आत्महत्या निषेध दिवस का आयोजन करते हुए छात्राओं को दोनों विषयों के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए छात्राओं को शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए प्रोत्साहन दिया। जीवीएम की लीगल लिट्रेसी सैल व यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम ने जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सहयोग से यह आयोजन किया, जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। लीगल लिट्रेसी सैल की संयोजक प्राध्यापिका डा. रेनू रानी व यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम की संयोजक प्राध्यापिका मीतू मनोचा ने विस्तार से आयोजन के संदर्भ में जानकारी दी। उन्होंने इस दिवस के महत्व से भी अवगत कराया। साथ में उन्होंने जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की एडवोकेट के रूप में आमंत्रित वक्ता का परिचय भी करवाया। इस जागरूकता शिविर के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में लीगल ऐड काउंसिल एवं एडवोकेट उषा ने कहा कि अपने कार्यक्षेत्र में महिलाओं को हर प्रकार के शोषण के विरूद्ध आवाज उठानी चाहिए। एडवोकेट उषा ने मानसिक तनाव को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। जागरूकता शिविर में 52 छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिन्होंने संबंधित विषय पर सवाल भी पूछे। अंत में संयोजक प्राध्यापिकाओं डा. रेनू रानी व मीतू मनोचा ने एडवोकेट उषा को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।






# 'World Suicide Prevention Day'

## Dated - 9th Sept 2024

## No. of Students - 52

The University Outreach team of GVM Girls College Sonipat organise a 'Let's talk compaign' on the occassion of '<u>World Suicide Prevention Day</u>' under the leadership of Ms. Meetu Manocha, incharge of UOP team of GVM.. The purpose of this day is to raise awareness around the globe that suicide can be prevented.. In the end students were inuited to talk freely with their teachers on issues like any fear related to study, career and other troublesome things..



# छात्राओं ने किया मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक



सोनीपत | लोकतंत्र की यही पुकार, मत खोना अपना मत अधिकार के नारे के साथ जीवीएम कालेज की छात्राओं ने यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम के संयोजन में लहराड़ा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। जीवीएम की यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम की संयोजक प्राध्यापिका मीतू मनोचा के नेतृत्व में छात्राओं के दल ने लहराड़ा गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। छात्राओं ने गांव में घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने का सफल प्रयास किया। छात्राओं ने महिला-पुरूष मतदाताओं को प्रोत्साहित किया कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। लोकतंत्र में मतदान बेहद जरूरी है। अपनी पसंद की सरकार चुनने के लिए हमें अपने मत का प्रयोग जरूर करना चाहिए।



## मतदान की अलख...

महाविद्यालय

गांव लहराड़ा में लोकतंत्र की यही पुकार, 'मत खोना अपना मत अधिकार...नारे के साथ जागरूकता अभियान चलातीं जीवीएम कन्या महाविद्यालय की छात्राएं।






# "Be The Change Vote For Change"

## Dated - 28. Sept. 24

## No of Students - 05




The University Outreach team of GVM Girls College, Sonipat went to Lehrara village to spread awareness and encourage people to vote for the future they believe in. The GVM Girls College has always believed that door to door canvassing is the best way to promote democracy. The girl students aware people to be a responsible citizen and vote in the upcoming elections because voting is our fundamental right.



# रंगोली में शिवानी व पूनम ने बाजी मारी

- दीपोत्सव के उपलक्ष्य में जीवीएम की आउटरिच टीम ने राजकीय स्कूल लहराड़ा में करवाया विशेष आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸। सोनीपत




सोनीपत। रंगोली प्रतियोगिता के दौरान स्कूली छात्राओं के साथ जीवीएम कॉलेज की छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

जीवीएम गर्ल्स कालेज की यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम के संयोजन में दीपोत्सव के उपलक्ष्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लहराड़ा में आयोजित दीप सज्जा में खुशी व रंगोली में शिवानी व पूनम अव्वल रही। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई देते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दी। यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम की संयोजक प्राध्यापिका मीतू मनोचा ने बताया कि राजकीय विद्यालय लहराड़ा में विशेष रूप से दिवाली के अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों के लिए दो स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। दोनों स्पर्धाओं में स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। दीया सजाओ स्पर्धा में खुशी ने प्रथम, लक्ष्य ने द्वितीय तथा तान्या व किता ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। रंगोली सजाओ स्पर्धा में शिवानी व पूनम की जोड़ी ने प्रथम, तमन्ना व रिया ने द्वितीय तथा किरण व आयशा और कनिष्का व मानसी की जोड़ी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन स्पर्धाओं के निर्णायक की भूमिका का निर्वहन कला अध्यापक नीरज ने किया।







# 'CLEAN AND GREEN DIWALI'


## Dated - 28th Oct 2024

## No. of Students - 06

Volunteers of University Outreach of GVM Girls College along with co-ordinator Ms. Meetu Manocha visited Govt. Senior Secondary School of Lehrara to celebrate '<u>Clean and Green Diwali</u>'. We organised Diya and Candle Decoration and Rangoli Making competition for school students. Prize distribution was also held to encourage students. The main theme of the program was '<u>Say No to Crackers</u>'.









## जीवीएम टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

सोनीपत | बढ़ते प्रदूषण व डेंगू के प्रभाव को दूर करने के उद्देश्य से जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम ने लहराड़ा गांव में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी व प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर बल दिया। जीवीएम की यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम की संयोजक प्राध्यापिका मीतू मनोचा के निर्देशन में सदस्य छात्राओं ने लहराड़ा गांव में स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता की अलख जगाई। छात्राओं ने ग्रामीणों को प्रदूषण से बचाव के लिए मास्क वितरीत किए।





# 'Awareness Campaign' regarding Dengue

## DATED - 27 Nov. 2024

## No of STUDENTS - 04

Outreach team of GVM Girls College, Sonipat organised an awareness campaign regarding cleanliness, Dengue fever and air pollution. Volunteers of University Outreach Program distributed masks away the villagers. They spread awareness regarding causes, symptoms and prevention of dengue fever in the Lehrara village. Students also created awareness on water and sanitation hygiene. Door to door information regarding cleanliness was given to the villagers. The cleanliness campaign was led by the coordinator of University Outreach Program, Ms. Meetu Manocha.







# छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



लहराड़ा में पानी व मृदा संरक्षण का संदेश देती छात्राएं • सौ.कालेज

वि, सोनीपत : जीवीएम गर्ल्स कालेज में यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम ने लहराड़ा गांव में जागरूकता रैली निकालते हुए मृदा एवं जल संरक्षण का संदेश दिया। संस्था के प्रधान डा.ओपी परूथी व प्राचार्य डा. मंजुला स्पाह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम की संयोजक प्राध्यापिका मीतू मनोचा के नेतृत्व में छात्राओं ने ग्रामीणों के सहयोग से गांव में रैली का आयोजन किया। छात्राओं ने पूरे गांव में रैली निकाली। प्रमुख स्थानों व मार्गों से गुजरते हुए घर-घर जाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। विभिन्न स्थानों पर एकत्रित ग्रामीणों को विशेष रूप से जानकारी देते हुए मृदा व जल संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया। हाथों में नारे लिखी तख्तियां व बैनर लेकर गांव में जागरूकता की अलख जगाने का प्रयास किया। मनोचा ने कहा कि मृदा एवं जल संरक्षण महत्वपूर्ण विषय है, जिसे गंभीरता से समझते हुए संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाने की जरूरत है। प्राचार्य डा.मंजुला स्पाह ने संदेश दिया कि छात्राओं को अपने सगे-संबंधियों, मित्रों को भी मृदा संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।






# Awareness Rally On 'Soil And Water Conservation'

## Dated - 10 Jan 2025

## No. of Students - 12

The University Outreach Team of GVM Girls College, Sonipat took out an Awareness Rally in Lehrara Village regarding Soil and Water Conservation. The girl students advised the villagers to recycle and reuse water. The Rally was taken out under the leadership of Ms. Meetu Manocha, Incharge of University Outreach team of GVM Girls College. They also encouraged villagers to reduce the use of chemical fertilizers and pesticides to maintain soil health.



सोनीपत। जांच शिविर में मरीजों की जांच करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# पचास से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्ज कालेज की यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम के तत्वावधान में शनिवार को लहराड़ा में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए नियमित तौर पर स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता पर बल दिया। जीवीएम की यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम की संयोजक प्राध्यापिका मीतू मनोचा के नेतृत्व में टीम की 11 स्वयंसेविकाओं ने लहराड़ा में स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया, जिसमें क्योर डायग्नोस्टिक सेंटर का विशेष योगदान रहा। शिविर में विशेष रूप से ग्रामीणों की ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की गई, जिसके लिए सेंटर की ओर से विशेषज्ञ की सुविधा प्रदान की गई। ग्रामीणों को स्वयंसेविकाओं ने स्वास्थ्य जांच के लिए प्रोत्साहित किया और घर-घर जाकर ग्रामीणों को शिविर की जानकारी दी। स्वयंसेविकाओं के प्रोत्साहन से ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक अपनी बीपी व शुगर की जांच करवाई। विशेषज्ञ के रूप में लोकेश ने ग्रामीणों की बीपी व शुगर की जांच की। इस संदर्भ में प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह का कहना था कि आउटरिच टीम नियमित तौर पर सामाजिक दायित्व एवं सेवा निर्वहन का कार्य करती है। गोद लिए गांव लहराड़ा में आउटरिच टीम लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। स्वास्थ्य के साथ सामाजिक समस्याओं को लेकर भी ग्रामीणों को जागरूक करते हुए सहयोग की अपील की जाती रही है।




# यूनिवर्सिटी आऊटरीच प्रोग्राम टीम ने लहराड़ा में लगाया स्वास्थ्य जांच शिवि



**सोनीपत ( ब्यूरो ):** जी.वी.एम. गर्ल्स कालेज की यूनिवर्सिटी आऊटरीच प्रोग्राम टीम के तत्वावधान में लहराड़ा में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में 50 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। यूनिवर्सिटी आऊटरीच प्रोग्राम टीम की संयोजक प्राध्यापिका मीत् मनोचा के नेतृत्व में टीम की 11 स्वयंसेविकाओं ने लहराड़ा में स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया, जिसमें क्योर डायग्नोस्टिक सैंटर का वि योगदान रहा। शिविर में विशेष रूप से ग्रामीणों की ब्लड प्रेशर और शुगर की ज की गई, जिसके लिए सैंटर की ओर से विशेषज्ञ की सुविधा प्रदान की गई ग्रामीणों स्वयंसेविकाओं ने स्वास्थ्य जांच के लिए प्रोत्साहित किया और घर-घर जाकर ग्रामी को शिविर की जानकारी दी। इस संदर्भ में प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह का कहना था आऊटरीच टीम नियमित तौर पर सामाजिक दायित्व एवं सेवा निर्वहन का कार्य क है। गोद लिए गांव लहराड़ा में आऊटरीच टीम लगातार जागरूकता अभियान चल



# HEALTH CHECK-UP CAMP



## DATED - 22 Feb 25


## No. OF STUDENTS - 11

A free health check-up camp was organised by the University Outreach Team of GVM Girls College, Sonipat in Lehrara Village. The objective was to provide free medical check-up and raise awareness about health, hygiene. Professional conducted tests for blood pressure, sugar level and general health condition. More than 50 villagers benefitted from the camp.

## शिविर में लोगों के नेत्र और स्वास्थ्य जांच की

सोनीपत। जीवीएम गर्ल्ज कालेज की एनएसएस इकाई ने यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम के विशेष सहयोग से मुरथल स्थित बाबा बिशनदास धाम में एक दिवसीय शिविर का आयोजन करते हुए लोगों की नेत्र व स्वास्थ्य जांच की। संस्थान के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए नियमित तौर पर जनसेवा में जुटे रहने का संदेश दिया।





## स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया, एन.एस.एस. छात्राओं ने किया सहयोग



*ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक।*

सोनीपत 24 फरवरी (ब्यूरो): जी.वी.एम. गर्ल्ज कालेज की एन.एस.एस. इकाई ने यूनिवर्सिटी आऊटरीच प्रोग्राम टीम के विशेष सहयोग से मुरथल स्थित बाबा बिशनदास धाम में एक दिवसीय शिविर का आयोजन करते हुए लोगों की नेत्र व स्वास्थ्य जांच की।

एन.एस.एस. इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी व यूनिवर्सिटी आऊटरीच टीम की संयोजक प्राध्यापिका मीतू मनोचा ने स्वयंसेविकाओं के साथ मिलकर धाम में विशेष नेत्र जांच एवं चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किया, जिसमें दृष्टि सेवा समिति ने भी सक्रिय योगदान दिया।

शिविर में डा. शेराफ नेत्र अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. धीरेंद्र व डा. रितिका बत्तरा, सिगनस अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. गौरव कुमार तथा महिला रोग विशेषज्ञ डा. सोनिया और फिजीशियन के रूप में डा. निर्दोष छाबड़ा ने सेवाएं दीं।

साथ ही नीम का पेड़ के नाम से मशहूर समाजसेवी सुरेश कुमार ने भी इस आयोजन में उल्लेखनीय योगदान दिया। इस दौरान नेत्र रोगियों को जी.वी.एम. गर्ल्ज कालेज की ओर से दवाइयां निःशुल्क रूप से प्रदान करवाई गईं।

इस मौके पर डा. डी.के. जैन, नरेंद्र भुटानी तथा सुभाष वशिष्ठ आदि गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस संदर्भ में प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह का कहना था कि सामाजिक कामों में हमारी बेटियां आगे रहती हैं।




EYE CHECK-UP CAMP

# EYE AND HEALTH CHECK-UP CAMP

## Dated - 23 feb 2025

## No. of Students - 24


A free Eye and health check-up camp was organised at Baba Bishandas Dham, Murthal by university Outreach team and NSS of GVM Girls college, Sonipat in collaboration with Drishti Seva Samiti, Sonipat. A team of doctors and healthcare professionals from MAX and Cygnus J.K Hindu Hospital was present there. Medicines and health supplements was distributed to those in need. The event was a great success, highlighting the importance of preventive healthcare in the community.



# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई



सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज कालेज में कार्यक्रम आयोजित कर नारी सशक्तिरण पर विशेष रूप से बल दिया गया। संस्थाह के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर बल दिया। समारोह का शुभारंभ आमंत्रित मुख्य वक्ता के रूप में डा. शिखा खुराना और प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। मुख्य अतिथि डॉ. शिखा खुराना ने अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. मंजुला सपह, लेफ्टिनेंट प्रियंका, आस्था बत्रा, मीतू मनोचा, डॉ. सुनीता धवन और डॉ. किरण कपूर सहित कई शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया।




# WOMEN'S DAY

8th March 2025

# SLOGAN WRITING AND POSTER MAKING COMPETITION

## Dated - 8th March 2025

## No. Of Students - 12

International Women's Day was celebrated with great enthusiasm in GVM under the joint aegis of Home Science Department, Women Cell, NCC and University Outreach Program team. On 7th March 2025, slogan writing & poster making competitions were organized for the students. On 8th March, 2025 Dr. Shikha Khurana shared her inspirational thoughts with the volunteers and students of our college.









# शहीदी दिवस जी.वी.एम. गर्ल्स कॉलेज में

रक्तदाता का हौसला बढ़ाती प्राचार्या व अन्य।

सोनीपत, 23 मार्च (ब्यूरो): जी.वी.एम. गर्ल्स कॉलेज में एन.एस.एस. इकाई द्वारा शहीदी दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में 71 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने किया।

एन.एस.एस. के सहयोग से एन.सी.सी., वाई.आर.सी. और यूनिवर्सिटी आऊटरीच टीम ने शिविर को सफल बनाया, जिसमें क्राइम कंट्रोल एंड ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन, रोड सेफ्टी क्लब और इनर व्हील क्लब का विशेष सहयोग रहा। कॉलेज की छात्राओं व स्टाफ ने भी रक्तदान किया।

विधायक निखिल मदान ने रक्तदान को महादान बताते हुए लोगों से नियमित रक्तदान करने की अपील की। मेयर राजीव जैन ने रक्तदान को जीवनदायिनी सेवा बताया। प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने आयोजन में सहयोग देने वालों का आभार जताया और इसे नियमित करने का संकल्प लिया।

इस मौके पर प्रमोद कटारिया, एन.एस.एस. प्रभारी रूचिका विरमानी, एन.सी.सी. प्रभारी लै. प्रियंका, वाई.आर.सी. काउंसलर डा. पूजा गुलाटी, अन्य गण्यमान्य अतिथि और समाजसेवी उपस्थित रहे।



# BLOOD DONATION CAMP



## Dated - 23rd March 2025


## No. Of Volunteers - 10

A Blood Donation Camp was organised by the NSS, NCC, YRC and UOP team of G.V.M. Girls College, Sonipat in collaboration with Crime Control and Human Rights organization on the occasion of Martyrdom's Day, which was inaugrated by Sonipat MLA Nikhil Madaan and Mayor Rajiv Jain as Chief Guests. 71 units of blood were collected in the camp. College Students and staff members donated blood in the camp.









सोनीपत। ग्रामीणों को जागरूक करती जीवीएम गर्ल्स की छात्राएं।

## लू से बचाव के लिए किया जागरूक

सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कालेज की यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम तथा वाईआरसी टीम ने लहराड़ा गांव में ग्रामीणों को तपती गर्मी व लू से बचाव के लिए जागरूक किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि हर किसी को भीषण गर्मी से बचाव रखना चाहिए। यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम की संयोजक प्राध्यापिका मीतू मनोचा के नेतृत्व में टीम की छात्राओं का दल लहराड़ा गांव में पहुंचा। गांव में छात्राओं ने घर-घर जाकर तथा सार्वजनिक स्थानों पर एकत्रित ग्रामीणों को जागरूकता का पाठ पढ़ाया। छात्राओं ने हीट वेव से बचने के उपायों की जानकारी देते हुए उन्हें अपनाने पर बल दिया। इस दौरान संयोजक प्राध्यापिका मीतू मनोचा ने भी ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया।




# Heat Wave ALERT!

# Awareness Regarding Protection From Heat Wave

## DATED - 25 April 2025

## No. Of VOLUNTEERS - 07

The University Outreach Program team and YRC team of G.V.M. Girls College made the villagers of Lehrara village aware about the scorching heat and protection from heat wave. Volunteers went door-to-door in the village and informed about the measures to avoid heat wave. They encouraged the villagers to take balanced diet, avoid junk food and stay hydrated. Students also distributed 30 packets of ORS to the villagers.



YOU BECOME WHAT YOU BELIEVE

